समाचार

लाकडाउन का फायदा उठाकर किया जा रहा था अतिक्रमण, निगम अमले ने तोड़ा

कोरबा 03 मई 2021 – इमलीडुग्गू कोरबा में लाकडाउन का फायदा उठाकर एक व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर गैरेज का निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर उक्त अतिक्रमण को तोड़ दिया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि अतिक्रमण का कार्य किया जाता है तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कोरोना संकट के इस दौर में भी अतिक्रमणकारी बेजा कब्जा व अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं तथा उनके द्वारा अतिक्रमण की कोशिशे की जा रही है किन्तु निगम का अमला इस दिशा में सजग है तथा वह अतिक्रमण पर निरंतर नजर रखते हुए जहां कहीं भी अतिक्रमण की जानकारी मिलती है, तुरंत अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा कर गैरेज का निर्माण किया जा रहा था, जिसे निगम अमले द्वारा तोड़ दिया गया। इसी प्रकार बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 35 साडा कालोनी के समीप लाकडाउन का उल्लंघन कर मकान निर्माण कराया जा रहा था, निगम अमले ने उक्त स्थल पर पहुंचकर कार्य को बंद कराया तथा संबंधित पर 05 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया एवं कड़ी हिदायत दी कि लाकडाउन का उल्लंघन न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।